लिए प्रोत्साहित किया किसी भी युवा वर्ग भी रातों-रात धनी बन होगा. स्नेहलता शर्मा ने बताया कि केंद्र की कीमत कम होने के बावजूद

आयोजन •• कमल की 20 गेंदों में 44 रनों की पारी के सामने धराशायी रायगढ़ इलेवन

महालक्ष्मी कोरबा ने जिंदल इलेवन को हराया

● नवभारत ब्यूरो | रायगढ़.
www.navbharat.org

ऑल स्टार क्लब घरघोड़ा द्वारा आयोजित एवं जेएसपीएल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा प्रायोजित ओपी जिंदल मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता, घरघोड़ा 2020-21 के चौथे दिन 22 फरवरी को 2 मैच खेले गये. पहला मैच प्रातः 9.00 बजे महालक्ष्मी टाइगर्स कोरबा एवं आरबीसीसी रायगढ़ एवं दूसरा मैच दोपहर 1.00 बजे महालक्ष्मी टाइगर्स कोरबा एवं जिंदल इलेवन रायगढ़ के मध्य खेली गई. दोनों ही मैच रोमांचक एवं धमाकेदार रहीं. पहले मैच में जहाँ कोरबा ने आरबीसीसी रायगढ़ को 8 रन से हराया वहीं दूसरे मैच में भी महालक्ष्मी टाइगर्स कोरबा ने जिंदल इलेवन रायगढ़ को 05 विकेट से पराजित किया.

आज का पहला मैच प्रातः 9.00 बजे महालक्ष्मी टाइगर्स कोरबा एवं आरबीसीसी रायगढ़ के मध्य खेली गई. टॉस जीत कर कोरबा ने आरबीसीसी रायगढ़ को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया लेकिन रायगढ़ के बल्लेबाजों ने वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाये, जिसके लिए वें जाने जाते है.

कोरबा के गेंदबाज एस.रवि के 03 विकेट एवं अन्य गेंदबाजों के धारधार गेंदबाजी के सामने रायगढ़ की टीम निर्धारित 200 ओवरों में 06 विकेट के नुकसान में 88 रन ही जोड़ पाये. जिसे कोरबा की टीम ने अजय के 31 वं मनीष के 19 रनों के जुझारू बल्लेबाजी के सहयोग से मैच को 12 ओवरों में ही 89रन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया और मैच को 03 विकेट से जीत लिया.



खिलाड़ियों के साथ कोच.

वहीं आज का दूसरा मैच बहुत ही धमाकेदार रहा. जहाँ महालक्ष्मी टाइगर्स कोरबा ने आज के अपने दूसरे मैच में जिंदल इलेवन रायगढ़ के सामने खड़ी थी. रनों से भरपूर सपाट पिच में टॉस जीतकर जिंदल इलेवन रायगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया. टीम के दिग्गज बल्लेबाजों ने धाकढ़ बल्लेबाजी का नमुना दिखाते हुए सौम्य के 64, आशीष के 29 एवं प्रारब्य के जुझाश्र 28 रनों के सहारे निर्धारित 20 ओवरो में अपने 07 विकेट खोकर 164 रनों का बढ़िया स्कोर खड़ा किया. इस चुनौती और रायगढ़ की धारधार गेंदबाजी लाइनअप को देखते हुए सभी ने मान लिया था कि रायगढ़ इलेवन मैच जीत जायेगी पर किसको पता था कि कोरबा के मंशें आज कुछ और ही थे. धीरे धीरे लेकिन मजबुत शुरूवात करते हुए कोरबा के अजय ने 28 तो वहीं आयुष ने 26 रनों की जोरदार व सधी हुई बल्लेबाजी का नमुना दिखाया. पर आज का दिन तो कमल के नाम था, जिसने सुस्त व धीमी पड़ती रन रेट को अपने 20 गेंदों में 44 रनों की हार की ओर जाते कोरबा की टीम को मैच में वापस ही लाया.